बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / भू0अ0नि0(3)विविध(वि0सर्वे0अमीन)–आरोप–26 / 2022.655 **पटना, दिनांक :–** 05/02/2024

आदेश

अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, नालंदा के पत्रांक 137 दिनांक 23.05.2023 द्वारा श्री शिवराम, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03559) के विरूद्ध LPM वितरण के 06 माह बाद भी प्रारूप प्रकाशन नहीं करने, याद्दाश्त लेखन कार्य में 09 माह का समय लेने के साथ कार्य में विलंब के लिए दोषी मानकर आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई हेतु भेजा गया है।

प्राप्त आरोप पत्र के आधार पर भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 4768 दिनांक 08.06.023 द्वारा 03 दिनों के अन्दर श्री शिवराम से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। इनके द्वारा स्पष्टीकरण में यह आश्वासन दिया गया है कि भविष्य में इनके विरूद्ध किसी शिकायत/आरोप सुनने का मौका नहीं देंगे। साथ ही क्षमायाचना करते हुए स्पष्टीकरण से मुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

श्री शिवराम से प्राप्त स्पष्टीकरण पर निदेशालय पत्रांक 5496 दिनांक 07.07.2023 एवं अंतिम स्मार पत्रांक 9011 दिनांक 28.11.2023 द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी है। बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 332 दिनांक 22.12.2023 द्वारा मंतव्य भेजा गया है। बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा धीमी प्रगति एवं शिविर स्तर से पूछे गये स्पष्टीकरण का जबाब नहीं देने के विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है।

प्रभारी पदाधिकारी द्वारा लगाए गए आरोप एवं बंदोबस्त पदाधिकारी का मंतव्य तथा श्री शिवराम से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत पाया गया है कि इनके द्वारा सर्वेक्षण कार्य में विलंब किया गया है, परन्तु इनके द्वारा दिए गए आश्वासन एवं क्षमायाचना के दृष्टिगत तत्काल इनका संविदा समाप्त न करते हुए मानदेय कटौती के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

बंदोबस्त पदाधिकारी को निदेशित किया जाता है कि निदेशालय पत्रांक 5966 दिनांक 25.07.2023 द्वारा निर्गत निदेश के आलोक में कार्य में किए गए विलंब के लिए विलंब अवधि की गणना कर मानदेय की कटौती करना सुनिश्चित करेंगे।

(जय सिंह) 5/2/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(3)विविध(वि0सर्वे0अमीन)–आरोप–26 / 2022.655 **पटना, दिनांक** 05/02/2024

प्रतिलिपि :– श्री शिवराम, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03559), बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(3)विविध(वि0सर्वे0अमीन)–आरोप–26 / 2022.655 **पटना, दिनांक** 05/02/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :— 03 / भू0अ0नि0(3)विविध(वि0सर्वे0अमीन)—आरोप—26 / 2022.655.......... **पटना, दिनांक** :— 05/02/2024

प्रतिलिपि :— श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू—अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी निदेशालय अन्तर्गत R2R में संधारित इनकी व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक,
भू—अभिलेख एवं परिमाप